Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish a medical college in Garhwa district, Jharkhand-laid.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण बिषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूॅ कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला देश के 115 आकांक्षी जिलों में से एक है जहां चिकित्सीय सुविधा का घोर अभाव है । साधारण सी बीमारी के इलाज के लिए भी करीब 180 किलोमीटर दूर रांची जाना पड़ता है । माननीय प्रधानमंत्री जी ने एवं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी की यह मंशा है कि देश के गरीबों एवं ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को सस्ती और अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सके, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए।

उनकी यह भी मंशा है कि प्रत्येक जिला मुख्यालय में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज होना चाहिए । गढ़वा जिला के अन्तर्गत कोई भी मेडिकल कॉलेज नहीं है।

अतः मेरा माननीय मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाय।